पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने आजमगढ़ में राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ कार्यों की समीक्षा की

लखनऊ : 23 जून, 2023

राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने एक दिवसीय आजमगढ़ भ्रमण में आज राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर शिब्ली नेशनल कॉलेज के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि छात्राओं हेतु कंप्यूटर साइंस, ब्यूटीशियन व इम्ब्राइडरी की कक्षाएं चलाई जा रही है। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा कंप्यूटर का प्रशिक्षण लेने से मना किया जा रहा है। इस पर राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनको कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिलायें, जो कर्मचारी कंप्यूटर प्रशिक्षण नही ले रहे हैं, उस पर समुचित कार्यवाही करें।

बैठक में राज्यपाल जी ने उच्च शिक्षा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुराने सर्कुलर का स्टडी कर नया सर्कुलर बनाएं, इसके लिए 8 से 10 लोगों की समिति बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। राज्यपाल जी ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, पानी की व्यवस्था, आरओ प्लांट लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च शिक्षा के अधिकारी को निर्देश दिया कि स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्रबंध समिति के खाते अलग कराएं व प्राचार्य के नाम से अलग खाते खुलवाएं। इसी के साथ ही उन्होंने कहा कि

सभी संबंधित प्राचार्य छात्र–छात्राओं को नई तकनीकी सिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य उन दायित्वों का निर्वहन करें । जो छात्र पढ़ने में अच्छे हैं, उनको और मोटिवेट करें। महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराएं और इंटरव्यू का प्रशिक्षण दिलायें।

राज्यपाल जी ने सभी संबंधित प्राचार्यों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय में जो भी समस्या आ रही हैं, उसकी सूची कुलपति, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कुलपति को निर्देश दिया कि प्रत्येक दो माह पर महाविद्यालयों के प्रबंध समिति की बैठक कराएं और प्रबंध समिति के प्रबंधक अनुपस्थित रहते हैं तो उसकी रिपोर्टिंग करें और प्रचार्यों की बैठक कराते रहे एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करायें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महोदव बोबडे, कुलसचिव महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ प्रो0 पी0के0 शर्मा, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अनिल कुमार मिश्र, प्राचार्य प्रशासक कूबा पीजी कॉलेज दरियापुर नेवादा आजमगढ़, प्राचार्य दुर्गा जी पीजी कॉलेज चंदेश्वर, प्राचार्य गांधी स्मारक पीजी कॉलेज बरदह, प्राचार्य डीएवी पीजी कॉलेज, प्राचार्य कृष्णा गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय, प्राचार्य अग्रसेन पीजी कॉलेज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन

सम्पर्क सूत्र 8318116361